डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763

हिन्दी दैनिक

# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन, रविवार 08 फरवरी 2026 | वर्ष-04 अंक-186 | पृष्ठ-08, मूल्य-01 रुपये

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

## नवजोत कौर सिद्धू ने कहा-राहुल गांधी ने 'पप्पू' का ठप्पा खुद लगवाया

**जालंधर। पंजाब की पूर्व विधायक नवजोत कौर सिद्धू ने कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर जमीनी हकीकतों से कटे रहने और पार्टी कार्यकर्ताओं की बात न सुनने का आरोप लगाया। X पर कई पोस्ट में सिद्धू ने कहा कि गांधी के पास जमीनी स्तर से उठने वाली समस्याओं को सुनने का समय नहीं है और इसी वजह से उन्हें पप्पू उपनाम मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व से बार-बार संपर्क करने की कोशिशें नाकाम रहीं।**

नवजोत कौर सिद्धू ने एक्स पर लिखा कि पप्पू ने आखिरकार अपना नाम छाप दिया है। एक ऐसा नेता जो खुद को एकमात्र ईमानदार और ज्ञानी समझता है,



ज़मीनी हकीकतों से पूरी तरह बेखबर। उसके करीबी लोग, जो उसके लिए काम करते हैं, उसे निर्वासन में रखने और विलासितापूर्ण जीवन जीने में कामयाब हो जाते हैं, और उसके कोई भी निर्णय लेने से बहुत पहले ही टिकट बेच देते हैं। आपातकालीन स्थिति में प्रतिक्रिया देने में उसे 6 महीने से अधिक का समय लगता है, तब तक नुकसान होना तय है।

उन्होंने आगे लिखा कि लोगों को अपने साथ जोड़ने से पहले, उसे अपने तथाकथित समर्थकों से यह पता कर लेना चाहिए कि क्या वे ईमानदार होने के लिए तैयार हैं? क्या वे ईमानदार होकर पंजाब के लिए काम करने को तैयार हैं? उसके बहुत से अनुयायी निस्वार्थ सेवा के लिए तैयार नहीं हैं, बल्कि वे अपनी जेबें भरने में व्यस्त हैं क्योंकि वे जानते हैं कि वे वापस नहीं लौटेंगे। अगर आपमें हिम्मत है तो उनसे मौजूदा सरकार के खिलाफ बोलने को कहें और तैयार रहें... अपनी फाइलों के खुलासे के लिए। बोलना सीखें और उस सच्चाई का सामना करें जो है, थी और हमेशा रहेगी। एक अच्छे दोस्त को सलाह-अधिक सचेत, परिपक्व, ग्रहणशील और व्यावहारिक बनें।

कौर ने आगे लिखा कि भाजपा ने मेरी प्रतिभा को पहचाना और बिना किसी पूर्वाग्रह के अपने सर्वेक्षणों के आधार पर, 2012 में मुझे विधायक का टिकट दिया, जब मैं अस्पताल में काम कर रही थी। डॉक्टर होने के नाते उन्होंने मुझे स्वास्थ्य विभाग का मुख्य सचिव बनाया। मुझे सच बोलने और ईमानदारी से काम करने का विशेषाधिकार और स्वतंत्रता मिली। मैं किसी भी विभाग में जाकर अपना काम करवा सकता था और उसी दिन वापस आ सकता था। राहुल गांधी जी, आपके पास जमीनी हकीकतों को सुनने का समय या कान नहीं हैं क्योंकि आप अपने बनाए स्वर्ग में रहना पसंद करते हैं। क्या आपको लगता है कि मुझ जैसे लोग, जिन्होंने स्नातकोत्तर बनने के लिए संघर्ष किया है, आपके लिए समय निकाल सकते हैं?

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने राष्ट्रीय दलहन मिशन के पोर्टल का किया शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की उपजाऊ धरती, समृद्ध जल संसाधन और अनुकूल जलवायु हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। इकार्डा जैसे अंतर्राष्ट्री य अनुसंधान संस्थान का सशक्त होना प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। भारत में अन्न केवल उत्पादन नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति और संस्कार का आधार है अन्न देवो भवः हमारी कृषि परंपरा का मूल मंत्र है। मध्यप्रदेश 'कृषक कल्याण वर्ष' मना रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'बीज से बाजार तक' किसान के साथ खड़ी सरकार ने दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की है। इसका लक्ष्य वर्ष 2030-31 तक दलहन उत्पादन को 350 लाख टन तक पहुंचाना, आयात निर्भरता कम करना और किसानों की आय बढ़ाना है। इस मिशन किसानों को बेहतर बीज, आधुनिक भंडारण और सुनिश्चित विपणन की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा दाल उत्पादक एवं उपभोक्ता देश है। दलहन उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है, जिससे इस मिशन का सर्वाधिक लाभ प्रदेश के किसानों को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले के अमलाहा स्थित खाद्य दलहन अनुसंधान केंद्र में दलहन आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय शुष्क क्षेत्र कृषि अनुसंधान केंद्र सीहोर के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, प्रशिक्षण केंद्र तथा अत्याधुनिक प्लांट टिशु कल्चर प्रयोगशाला का लोकार्पण भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इकार्डा का यह नवीन भवन प्रदेश के अन्नदाताओं के लिए नई आशाओं और संभावनाओं का द्वार खोलेगा। यह केंद्र वैज्ञानिक खेती, उन्नत तकनीक और वैश्विक कृषि अनुभव को किसानों से जोड़ने में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंचाई विस्तार और जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि इकार्डा द्वारा विकसित वैज्ञानिक मॉडल प्रदेश की योजनाओं को मजबूत आधार प्रदान करेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्रालय और इकार्डा का यह संयुक्त प्रयास मध्यप्रदेश को टिकाऊ और समृद्ध कृषि का राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक मॉडल बना सकता है। उन्होंने कहा कि सीहोर का यह राष्ट्रीय सम्मेलन दलहन क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों, मूल संवेदनाओं और भविष्य की संभावनाओं पर गहन विमर्श का सशक्त मंच बनेगा और नीति निर्धारण व अनुसंधान के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय कृषि मंत्रालय एवं इकार्डा की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह अनुसंधान केंद्र प्रदेश की कृषि को नई दिशा देगा और किसानों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा।

## व्यापार समझौते में 'नमस्ते ट्रंप, हाउडी मोदी' पर पड़ गया भारी-कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का जो संयुक्त विवरण सामने आया है उससे साफ हो गया है कि अमेरिका इस समझौते में भारी पड़ गया है और इसका खामियाजा भारत के किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' एक पर एक पोस्ट में कहा अभी जारी किए गए अमेरिका-भारत संयुक्त बयान में डिटेल्स पर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा गया है। लेकिन जो बातें अब तक सामने आई हैं, उनसे यह साफ होता है कि इस समझौते में भारत के हितों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है और इसका पूरा फायदा अमेरिका को ही होने वाला है।

## स्वयंसेवक लाठी चलाते हैं, लेकिन आरएसएस अर्धसैनिक बल नहीं है-मोहन भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भगवत ने शनिवार को कहा कि संघ किसी के खिलाफ नहीं है और ना ही वह सत्ता या लोकप्रियता चाहता है। भागवत ने मुंबई में जनसभा को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उभरी विभिन्न विचारधाराओं का उल्लेख किया, जिनका प्रतिनिधित्व राजा राम मोहन रॉय, स्वामी विवेकानंद और दयानंद सरस्वती सहित सुधारकों और नेताओं ने किया। उन्होंने कहा, हालांकि फिर भी यह देखा जा रहा है कि समाज को दिशा देने और अनुकूल वातावरण बनाने का काम नहीं हो रहा है।



मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस किसी के खिलाफ नहीं है और किसी घटना की प्रतिक्रिया के रूप में काम नहीं करता है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य देश में जारी सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना है। भागवत ने कहा कि संघ कोई अर्धसैनिक बल नहीं है, भले ही वह नियमित पथ संचलन करता है और उसके स्वयंसेवक लाठी चलाते हैं, लेकिन इसे एक अखाड़े के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएसएस राजनीति में भी शामिल नहीं है, हालांकि संघ से जुड़े कुछ लोग राजनीतिक जीवन में सक्रिय हैं।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने वर्ष 1925 में RSS की स्थापना से पहले के देश की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को एक सुरक्षा वाल्व के रूप में स्थापित किया, लेकिन भारतीयों ने इसे स्वतंत्रता संग्राम का शक्तिशाली साधन बना दिया। भागवत ने आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार का उल्लेख करते हुए उनके बचपन की कठिन परिस्थितियों का वर्णन किया, जिसमें 13 वर्ष की उम्र में प्लेग से माता-पिता का निधन और उसके बाद हुई आर्थिक कठिनाइयां शामिल थीं। भागवत ने कहा कि हेडगेवार ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें उनके स्कूल के दिनों में वंदे मातरम् आंदोलन भी शामिल था। भागवत ने कहा कि जब उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की, तो नागपुर के कुछ लोगों ने उन्हें मेडिकल की पढ़ाई के लिए कोलकाता भेजने हेतु धन जुटाया, जहां वह क्रांतिकारी समूहों के संपर्क में आए। भागवत ने उस दौर की एक घटना को याद करते हुए कहा कि हेडगेवार ने कोकेन नाम के कोडनेम से काम किया, जो कोकेनचंद्र नामक व्यक्ति से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि एक बार पुलिस की टीम, जो कोकेनचंद्र को गिरफ्तार करने आई थी, गलतफहमी में हेडगेवार को ही हिरासत में ले गई और यह घटना रास बिहारी बोस की किताब में दर्ज है।

# बड़वानी में लाखों की ठगी, पुलिस ने कृषि जमीन की पावती के आधार पर बैंक से 4 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया

(राजेश नाहर)

**बड़वानी।** कोतवाली पुलिस ने कृषि जमीन की पावती के आधार पर बैंक से 4 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल 4 वर्ष पूर्व पलसूद थानांतर्गत मेंणीमाता निवासी दिनेश भंगा बारेला ने पुलिस को बताया कि उसके दादा सुकडा बारेला की जमीन की पावती आदि दस्तावेज के आधार पर राजू आपसिंह ने जिला मुख्यालय पर बैंक आफ बड़ौदा से फर्जी रूप से 4 लाख रुपए का लोन निकालकर धोखाधड़ी की है। फरियादी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी राजू के खिलाफ 420 व विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। प्रकरण में जिस शख्स



के नाम से लोन लिया गया वह अनपढ़ था इसी के चलते पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहायता का उपयोग कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। फरियादी द्वारा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद आरोपी फरार हो गया।

पुलिस ने आरोपी राजू के निकटम रिश्तदारों से भी पूछताछ की जिससे पता चला कि आरोपी रात्रि को घर आता था एवं सुबह फरार हो जाता था। पुलिस टीम ने रात्रि को आरोपी के खेत पर निगरानी रख घेराबंदी की और जब आरोपी खेत पर आया तो उसे हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने न्यायालय से एक दिन की रिमांड हेतु पेश कर आगे की पूछताछ करेगी।

# धामनी चमना ने विधायक ट्राफी पर जमाया अधिकार

(पंकज गोस्वामी)



**राणापुर।** विकास खंड राणापुर के भूरीमाटी ग्राम के युवाओं ने भूरीमाटी क्रिकेट क्लब ने सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें करीब दो दर्जन से ज्यादा टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विधायक डॉ विक्रांत भूरिया द्वारा दिया गया वहीं द्वितीय पुरुस्कार जयस ब्लॉक अध्यक्ष रानापुर राकेश डामोर ने भूरिमाटी क्लब को प्रदान किया। सभी टीमों ने फाइनल तक पहुंचने में काफी मेहनत की लेकिन धमनी चमना ओर भूरीमाटी क्रिकेट क्लब में फाइनल का मुकाबला हुआ।दोनों टीमों ने बड़ी मेहनत से रोमांचकता भरदी। धमनी चमना टिम के सामने 53 रन बनाने का लक्ष्य रखा था, जिसे पूरा कर प्रथम विजेता बनकर विधायक ट्राफी पर अपना अधिकार जमा लिया।द्वितीय स्थानीय टीम घोषित की गई। ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष कैलाश डामोर ने कांग्रेस जिला सचिव सुरेश समीर, योगी ठेकेदार, प्रकाश परमार, दिलीप भूरिया, की उपस्थिति में विजेताओं को पुरस्कार दिए।


# ऑपरेशन अभिमन्यु, सृजन, सम्मान, ऑपरेशन स्वयं सिद्ध, ऑपरेशन एहसास के तहत एसडीओपसी कुक्षी, टी आई कुक्षी ने स्कूली छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को किया जागरूक

(रामेश्वर सोनी)

**कुक्षी। पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा एकीकृत जागरूकता अभियान ऑपरेशन अभिमन्यु, सृजन एवं सम्मान माह जनवरी से अनवरत चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत किशोर बालक बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर उनके खिलाफ होने**

वाले अपराध और उनसे बचने के उपायों के बारे मे जागरूक किया जाना है। dig पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी सर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर के मार्गदर्शन में आज sdop श्री सुनील गुप्ता एवं टी आई कुक्षी राजेश यादव के द्वारा कुक्षी के एक निजी स्कूल के छात्र-छात्राओं को बाल मित्र योजना के तहत थाने का भ्रमण करवा कर थाने की संपूर्ण कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। साथ पुलिस मुख्यालय के द्वारा चलाए जा रहे उपरोक्त अभियानो के तहत स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं महिला शिक्षिका, शिक्षक को उपरोक्त अभियान के तहत उनके खिलाफ होने वाले अपराध और उनसे बचाव के तरीके, क्या कानूनी प्रावधान है, सरकार के द्वारा बनाए गए कानूनी विधान किशोर न्याय अधिनियम, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध, बाल श्रम निषेध, अधिनियम सहित साइबर फ्रॉड, साइबर अपराध से बचने के तरीके बताकर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 इन





साइबर फ्रॉड होने पर एनसीआर नंबर 1930, डायल 112 आदि का जरूरत पड़ने पर उपयो करने की समझाइए दी गई कार्यक्रम में स्कूल के करीब 500 छात्र एवं छात्राएं, स्कूल प्रिंसिपल रोहित राठी, शिक्षक, शिक्षिकाए एवं थाने का स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रकाश भावसार भारतीय पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष मनोनीत

## पत्रकार साथियों ने ओल्ड पीआरओ परिसर पर किया स्वागत, दी बधाई

(आकाश गुप्ता जिला ब्यूरो)

**खरगोन। भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) के प्रदेश अध्यक्ष राकेश साहू ने वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश भावसार को एआईजे का खरगोन जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।**





उक्त नियुक्ति एआईजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन के निर्देशानुसार तथा प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम कुशवाह के प्रस्ताव, प्रदेश संयोजक आमिर शेख की अनुशंसा व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र देवराय की सहमति से की गई है। श्री भावसार ने महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की रीति-







नीति अनुसार राष्ट्र व पत्रकारिता के हित में कार्य करने की बात कही है। श्री भावसार का खरगोन नगर के पत्रकारों द्वारा ओल्ड पीआरओ परिसर में पुष्पहार पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। एआईजे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीजुद्दीन शेख, संरक्षक आशुतोष पुरोहित, प्रदेश संयोजक आमिर शेख, उपाध्यक्ष श्याम कुशवाह, तहसील अध्यक्ष राजकुमार सोनी, वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत शर्मा, विशाल छटिये, मुकेश ठक्कर, अनवर जिंदरान, नरेंद्र भटोरे, सदाशिव वर्मा, संजय पाराशर, अजय तिवारी, रामेश्वर बड़ोले, प्रवीण पाल, संदीप ठक्कर, नाजिम शेख, मनीष मडाहर, दीप जोशी, शुभम बगलाने, अबूबकर जिया, दिनेश सागौरे, करण चौहान, दिलीप पंचोली, मोहन जोशी, रवि परमार, पुरुषोत्तम सोनी, कांतिलाल कर्मा, अंजू त्रिवेदी, सतीश गांगले, साजिद शेख, ईस खान, शकील शेख, हेमन्त सोनी, राजेश मोदी, अतीक अली, राजू सोनी, लुकमान खत्री, रफीक मंसूरी, जमीर मंसूरी, कन्हैयालाल कुमरावत, गुरमीतसिंह भाटिया, श्याम गुप्ता, सुरेश राठौर, आकाश सांवले सहित अनेक पत्रकार साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री भावसार को बधाई दी है।

# जानसूर में धार्मिक उल्लास भोलेनाथ की प्राण-प्रतिष्ठा और हनुमान मंदिर पर चढ़ा शिखर

(कांटाफोड़ जितु सिंगी)

**कांटाफोड़ के समीप स्थित ग्राम जानसूर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अनुपम दृश्य देखने को मिला।**

ग्राम में भगवान भोलेनाथ की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन आचार्य पंडित मुकेश तिवारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ करवाया गया। इसी अवसर पर हनुमान जी के मंदिर पर शिखर चढ़ाने का शुभ कार्य भी पूर्ण किया गया। शिखर निर्माण पुण्य कार्य भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री पोपेंद्र सिंह बग्गा द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदीप डाबी विष्णु नारेड़ा केदार जोनवाल नर्मदा प्रसाद जोनवाल पुरुषोत्तम जोनवाल गजू पटेल मनीष शर्मा शैलेश जायसवाल राजेश जोनवाल संजय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा।

ग्रामीणों ने इस अवसर को ग्राम के लिए सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ एवं हनुमान जी की कृपा से ग्राम में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहेगी।



# युवाओं में बजट जागरूकता के लिए माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 का किया जा रहा आयोजन

(आशीष वाणी)

**आलीराजपुर।** जिला युवा अधिकारी श्रीमती प्रीति ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा युवाओं में केंद्रीय बजट 2026 के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में 03 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता होगी, जिसके लिए युवा http://mybharat.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। क्विज में चयनित प्रतिभागी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर निबंध लेखन चरण में भाग लेंगे तथा अंतिम चरण में नीति-निर्माताओं के साथ वर्चुअल संवाद का अवसर प्राप्त करेंगे। जिला युवा अधिकारी श्रीमती प्रीति ने इसे युवाओं को नीति-निर्माण से जोड़ने की सार्थक पहल बताया। मेरा युवा भारत, आलीराजपुर ने जिले के सभी युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# उदय नगर थाना प्रभारी का स्थानांतरण होने पर रायकवार ने लिया चार्ज

(राजेंद्र योगी बागली)



उदय नगर थाना प्रभारी दर्शना मुजाल्दा का ट्रांसफर होने पर चुन्नीलाल रायकवार ने उदय नगर थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार वह चार्ज लेने पर उन्होंने उदय नगर थाना स्टाफ एवं नागरिकों से परिचय किया और कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए, नवीन थाना प्रभारी, रायकवार ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना आम जनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना एवं प्राथमिकता देना।


जो भी कानून व्यवस्था बांधा एवं उल्लंघन तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर कानून व्यवस्था के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी कोई भी कानून का उल्लंघन न करें। इस अवसर पर पुलिस स्टाप एवं नागरिकों ने नवीन थाना प्रभारी को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

# संतों आप धन्ना सेठों का आतिथ्य स्वीकारिये जरूर, लेकिन तंग बस्तियों में भी तो जाइये, ज्ञान की गंगा बहाने हेतु.........


# मजदूर कैसे आ सकते है, रोजी-रोटी छोड़ कर वैभवशाली पांडाल में.....?

**झाबुआ/इंदौर (संजय जैन-सह संपादक)। बीते कई सालों से कथा-प्रवचन-संगीत कार्यक्रमों के रूप में भी इंदौर अपनी विशेष पहचान बना चुका है। संत ज्ञानानंद जी के तीन दिनी व्यस्त कार्यक्रम जिसमे जेल में कैदियों को प्रवचन, बाकी दिनों में सत्संग अवधि के बाद फलाने-ढिमाके उद्योगपति, मंत्री के यहां भोजन और रात्रि विश्राम वगैरह....।**




संत ज्ञानानंद जी-तीन दिनी कार्यक्रम, इंदौर।




कृष्ण-सुदामा जी

**बिछे रहते हैं कारोबारी, रेड कारपेट की तरह.........**

संत ज्ञानानंद जी से कोई हमारी नाराजगी नहीं,बाकी संतों की तरह उनके प्रति भी हमारा बेहद ही आदर भाव है। उनसे पहले भी कई संत-महामंडलेश्वर आते रहे हैं,इन संतों की विमानतल पर अगवानी से लेकर प्रस्थान करने तक चमचमाती गाड़िया लगी रहती है।

एक तरह से तो कारोबारी रेड कारपेट की तरह बिछे रहते हैं। कारोबारियों को ऐसे सत्ता से सीधे तार जुड़े वालो संतों का आभामंडल तो कुछ ज्यादा ही सम्मोहित करता भी है।

**गरीब गुरबों की तंग बस्तियों में भी एक घंटे का प्रोग्राम तय कर लेवे....**

गौरतलब है कि इतने संतों के आगमन के बाद भी किसी आयोजक से लेकर खुद संतों के मन में यह विचार क्यों नहीं आता है कि कभी गरीब गुरबों की तंग बस्तियों में भी एक घंटे का प्रोग्राम तय कर लिया जाय......?

जिन धन्नासेठों के आमंत्रण पर वे आते हैं उनके खाते में तो 365 दिन संतों की चाकरी,व्यासपीठ की पूजा और यजमानी का दायित्व रहता ही है।

संतों की सेवा-कथा-प्रवचन से भरे पेट वाले परिवारों पर संत संगति का ही प्रभाव रहता है कि वे अगले संत के आगमन की व्यवस्था में फिर से जुट जाते हैं।



रेड कारपेट

**मजदूर कैसे आ सकते है,रोजी-रोटी छोड़ कर वैभवशाली पांडाल में......?**

सेवा-सुविधा की बारिश से तरबतर इन संतों को भगवान तक भी याद नहीं दिलाते है कि इंदौर की उन बस्तियों में भी वे रुख करें जहां के रहवासी सुबह मजदूर चौक में इकट्ठा हो जाते हैं और हाड़तोड़ मेहनत से मिली मजदूरी से आटा,तेल,सब्जी के साथ शाम को घर लौटते हैं।

इन बस्तियों में सकारात्मक बदलाव के लिए विभिन्न संघों के कार्यकर्ता तो फिर भी अभियान चलाते हैं, लेकिन संतों से सदचर्चा, व्यासपीठ पूजन को पहुंचने वाले विभिन्न संघो के वरिष्ठ पदाधिकारियों की इतनी भी हिम्मत नहीं होती है कि गीता-भागवत की ज्ञान गंगा बहाने वाले, इन महापुरुषों से वे अनुरोध तक कर सके कि महाराज श्री एक घंटे का समय तंग बस्तियों के रहवासियों के लिए भी निकालें,वो सारे लोग रोजी-रोटी छोड़ कर वैभवशाली पांडाल में तो नहीं आ सकते है ना....?

**जाना पड़ा था,गरीब सुदामा को ही कृष्ण द्वार......**

उल्लेखनीय है कि वैसे भी पुराणों में यह सच पहले ही बताया जा चुका है कि गरीब सुदामा को ही कृष्ण द्वार जाना पड़ा था,कृष्ण तो राजसी ठाठबाट छोड़ कर सुदामा की कुटिया तक गए ही नहीं।

# सम्पादकीय.......

## पुलिस सुरक्षा के दावे

दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एक से 15 जनवरी के बीच कुल 807 लोगों की गुमशुदगी के मामले सामने आए। यानी इस दौरान प्रतिदिन औसतन 54 लोग देश की राजधानी से लापता हुए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि लापता व्यक्तियों से संबंधित सभी शिकायतों को तुरंत दर्ज किया जाता है और उनकी जांच की जाती है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस वर्ष जनवरी के पहले पखवाड़े में आठ सौ से अधिक लोगों के लापता होने की खबरों से जहां लोग भय और चिंता के साथ खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं, वहीं कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। दिल्ली जैसा शहर, जहां सुरक्षा के तमाम आधुनिक इंतजाम होने के दावे किए जाते हैं, वहां अगर इतनी बड़ी संख्या में लोग लापता हो रहे हैं, तो यह वास्तव में गहरी चिंता का विषय है। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेने, उन पर अंकुश लगाने और लोगों के मन में सुरक्षा का भाव एवं भरोसा बनाए रखने की जिम्मेदारी किसकी है?

स्थानीय पुलिस का तो कहना है कि गुमशुदा मामलों के आंकड़ों से लोगों को घबराने या दहशत में आने की जरूरत नहीं है। दलील दी जा रही है कि पिछले वर्ष इसी अवधि के मुकाबले इस बार लापता लोगों की संख्या में कमी आई है। यानी गत वर्ष जनवरी के शुरुआती दो सप्ताह में इससे भी कहीं ज्यादा लोग लापता हुए थे! इससे पुलिस की लापरवाही और असंवेदनशीलता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

अगर इन दावों को सच मान भी लिया जाए, तो सवाल यह है कि पुलिस का काम क्या सिर्फ किसी अपराध के बाद अपराधी को पकड़ने का ही है? किसी अपराधी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस आत्ममुग्ध होकर अपनी पीठ थपथपाती है, लेकिन क्या अपराध होने से पहले ही उसे रोक देने की जिम्मेदारी उसकी नहीं है।

पुलिस का यह कहना कि कुछ लोग पैसों के लिए इस तरह की खबरों को बढ़ा-चढ़ा कर प्रचारित एवं प्रसारित कर रहे हैं, वास्तव में उसकी व्यवस्थागत खामियों और नाकामियों को ही उजागर करता है, जिसे दुरुस्त किया जाना बेहद जरूरी है।

## मनासा कुकडेश्वर और रामपुरा में सराफा बाजार रहा बंद, रेली निकाल एसडीएम केंदीय ज्ञापन

### सोना चांदी की कीमतें बढ़ने से आए दिन गिरवी जेवर को लेकर विवाद से परेशान होकर किया बंद

(दिनेश राठौर)

**मनासा।** सोने-चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के बाद सराफा व्यापारियों के सामने रोज नया विवाद खड़ा हो रहा है। फर्जी तरीके से दबाव बनाकर रकम गिरवी रखने और फिर हंगामा-विवाद करने के मामलों से परेशान व्यापारियों ने शनिवार को मनासा, कुकडेश्वर और रामपुरा में सराफा बाजार पूरी तरह बंद रखकर विरोध दर्ज कराया।

सराफा व्यापारियों ने गांधी चौक से दोपहर 2 बजे वाहन रैली निकाली और एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां पर एसडीएम किरण आंजना को ज्ञापन सौंपा। साथ ही पुलिस अधीक्षक के नाम भी ज्ञापन दिया। ज्ञापन में व्यापारियों ने साफ कहा कि आए दिन विवाद की नौबत बन रही है, कई मामले थाने तक पहुंच चुके हैं, जिससे व्यापार करना मुश्किल हो गया है। व्यापार करे कि विवाद निपटाए। व्यापारियों ने लिखा कि 15 से 20 साल पहले गिरवी रखने को लेकर कई फर्जी ग्राहक आकर विवाद कर रहे है।

जिससे बाजार और व्यापारियों की साख पर बुरा असर पड़ने से व्यापार व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। सराफा व्यापारियों ने मांग की कि सराफा बाजार में दो पुलिस जवानों की स्थायी ड्यूटी लगाई जाए। फर्जी तरीके से दबाव बनाकर विवाद करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की



जाए। व्यापारियों ने प्रशासन और पुलिस को सौंपे ज्ञापन में लिखा कि जब से सोना चांदी के भाव बढ़े है तब से ही विवाद की नौबत आई है। इससे पहले कभी भी ऐसी विवाद की स्थिति नहीं बनी है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पूरे दिन बाजार बंद रहने से क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियां ठप रहीं। नगर सहित कुकडेश्वर और रामपुरा में 150 व्यापारी है। बाजार बंद होने से अन्य व्यापार व्यवसाय भी प्रभावित रहा।

और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। ज्ञापन सौंपने में संघ के संरक्षक जगदीशचंद्र सोनी, इंदरमल पामेचा, अध्यक्ष महेंद्र सोनी, अर्जुन सोनी, अनिल सोनी, अभिषेक (बिट्टू) सोनी, राकेश सोनी, मनीष सोनी, राहुल सोनी, आदित्य सोडाणी, आशीष सोनी, अमित सोनी, राजेश सोनी, श्याम सोनी, धर्मवीर सोनी, राजकुमार सोनी, गोपाल सोनी सहित सराफा व्यापारी उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन अध्यक्ष महेंद्र सोनी ने किया

## फार्मर रजिस्ट्री एवं गिरदावरी के कार्य में लापरवाही बरतने पर 21 पटवारियों के एक दिवस का वेतन रोका गया

(उपेंद्र पाटोदिया)

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी सैलाना तरूण जैन द्वारा 6 फरवरी को जनपद पंचायत बाजना में फार्मर रजिस्ट्री एवं गिरदावरी कार्य की समीक्षा बैठक ली गई थी। समीक्षा के दौरान पटवारियों द्वारा कार्य में लापरवाही एवं शून्य प्रगति अथवा दस प्रतिशत से कम कार्य पूर्ण होना पाया गया। काम मे प्रगति नहीं होने के कारण तहसीलदार बाजना मनीष जैन द्वारा 21 पटवारी संदीप केलवा, संजय यादव, मानसिंह पंवार, सुनील निनामा, राधा डाबी, संजय कुमार मौर्य, रेखा चारेल, हितेश गोठवाल, परमानंद खदेड़ा, बसंतीलाल मईडा, हितेश सिंह गुर्जर, रोहित गुर्जर, मिहिर, मयंक रत्नावत, ऋतुराज पंवार, राजेश पालिया, सीमा राठौर, विपिन रॉय, सैय्यद हुसैन, सोनिया चौहान एवं सुशील सिंगाड़ का एक दिवस का वेतन आहरण रोका गया है।

## सेंधवा विधानसभा क्षेत्र में 60 करोड़ से अधिक के निर्माण स्वीकृति के बाद आएगी हरित क्रांति

(राजेश नाहर)

बडवानी। सेंधवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत किसानों को सिंचाई की स्थायी सुविधा उपलब्ध कराने तथा कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा क्षेत्र में 5 प्रमुख तालाब एवं बेराज निर्माण परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई जा चुकी है तथा टेंडर स्वीकृति के पश्चात शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत कुल 58 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से जल संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। शीघ्र ही इन कार्यों का भूमि पूजन अनुसूचित जनजाति आयोग राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा।



**परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है-**

दुगनी तालाब निर्माण-35 करोड़ 55 लाख, कुंडिया तालाब निर्माण-10 करोड़ 56 लाख, मालवण तालाब निर्माण-4 करोड़ 23 लाख, थिंगली बेराज (फेज-2)-4 करोड़ 46 लाख, काली कुंडी बेराज निर्माण-3 करोड़ 60 लाख इन सभी परियोजनाओं को तकनीकी स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद संबंधित विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अब टेंडर स्वीकृति के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

**किसानों को मिलेगा तीनों मौसम की फसल का लाभ**

इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल ने बताया कि इन जल परियोजनाओं के पूर्ण होने से सेंधवा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के स्थायी साधन उपलब्ध होंगे। इससे किसान तीनों मौसम में फसल लेने में सक्षम होंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी, जीवन स्तर सुधरेगा तथा क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

**आर्य बोले-किसान समृद्धि ही हमारा लक्ष्य**

इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य ने कहा कि सेंधवा क्षेत्र के किसान लंबे समय से सिंचाई सुविधा की मांग कर रहे थे। इन तालाबों एवं बेराजों के निर्माण से जल संकट दूर होगा और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सरकार का उद्देश्य है कि हर किसान आत्मनिर्भर बने और क्षेत्र में विकास की नई धारा बहे। उन्होंने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम शीघ्र आयोजित किया जाएगा, जिसके पश्चात निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रारंभ कराया जाएगा।

**बड़े पैमाने पर किसानों को मिलेगा लाभ**

इन परियोजनाओं से क्षेत्र के हजारों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा सिंचित रकबा बढ़ने से कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह योजना सेंधवा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## दोस्त ने दोस्त को उतारा मौत के घाट कमलापुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई अंधे कत्ल का किया खुलासा

(राजेंद्र योगी बागली)

**बागली।** चापड़ा स्थित भमोरी सुनसान सड़क पर हुए हत्या की गुत्थी मात्र 48 घंटे में अंधेकत्ल का पर्दाफाश,थाना कमलापुर पुलिस की बड़ी और प्रभावी कार्यवाही, करते हुए पूरे मामले के दौरान दोस्ती की आड़ में हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार, खेत दिखाने के बहाने जंगल ले जाकर नुकीले लोहे के पाइप से की हत्या, पुलिस को गुमराह करने के लिए घटनास्थल पर ही मौजूद रहा।आरोपी




देवास जिले के कमलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भमोरी के पास जंगल मार्ग पर 1 फरवरी 2026 को करनावद निवासी सतीश पाटीदार (35) की निर्मम हत्या कर दी गई थी।पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र के आधार पर जितेन्द्र पाटीदार (35), निवासी करनावद को गिरफ्तार किया। आरोपी ने आपसी विवाद के चलते हत्या करना स्वीकार किया।

**जप्त मश्रुका**-नुकीला लोहे का पाइप मोटरसाइकिल कमलापुर पुलिस एवं साइबर सेल टीम की सराहनीय भूमिका

# अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही, मशाला शराब की 7 पेटियां मय मोटर सायकिल सहित जप्त दो आरोपी गिरफ्तार

(राजेश लोधी (गोलू) मो. 8358891367)

**अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों को अवैध शराब एवं मादक पदार्थो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।**

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कचनार द्वारा अवैध शराव के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध मशाला शराब की 07 पेटीया मय मोटर सायकिल सहित जप्त कर दो आरोपीयों को गिरफ्तार करनें में सफलता प्राप्त की उल्लेखनीय है कि थाना कचनार अंतर्गत शनिबार को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकिल पर काफी मात्रा में अवैध देशी शराब लिये करीला रोड़ से राजपुर तरफ आ रहे है। सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए कचनार पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई। मोटर सायकिल सवार दो व्यक्तियों को पकड़ा जो मोटर सायकिल में बीच में प्लास्टिक के दो बोरियों में अवैध शराब रखे मिले जिन्हे रोका और चैक किया तो खाकी रंग के पुठ्ठे की 07 पेटियों में अवैध शराब रखे मिले दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम सोहित पुत्र बब्लू यादव निवासी ग्राम सोनाखेड़ी थाना मुंगावली एवं जितेन्द्र पुत्र पप्पू रजक निवासी डोंगरा थाना सेहराई का होना



बताया जिनके कब्जे से बिना नंबर की काली प्लेटिना मोटर सायकिल एवं 07 खाकी रंग की पुट्ठे की पेटियों में कुल 350 क्वार्टर देशी मंदिरा मसाला के कुल किमती 72000 रू. को विधिवत जप्त किया जाकर आरोपीगण के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# हथनी बैराज परियोजना से बढ़ेगा जल संरक्षण और सिंचाई रकबा-मंत्री श्री नागर सिंह चौहान

**ब्यूरो चीफ खलील मंसूरी मो. नंबर 9977 479 922**

**आलीराजपुर। जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में हथनी बैराज परियोजना महत्वपूर्ण साबित होगी। इससे क्षेत्र में जल संग्रहण बढ़ेगा और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने शनिवार को आलीराजपुर जिले के ग्राम मोरासा में हथनी बैराज परियोजना .02 के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।**

मंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस प्रकार के बैराज बनने से आसपास के क्षेत्रों के कुएं, तालाब और बोरिंग में जलस्तर बेहतर होगा। इससे सिंचाई का रकबा बढ़ेगा और किसान वर्षा पर निर्भर नहीं रहेंगे। फाटा परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा कि अब पर्याप्त सिंचाई व्यवस्था होने से किसान ग्रीष्म ऋतु में भी फसल ले पा रहे हैं, जबकि पहले केवल बरसात के पानी पर निर्भर रहना पड़ता था।

सरकार के प्रयासों से गांवों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है और पूरे प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र का रकबा बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब महिला सशक्त हो रही है।आजीविका मिशन के तहत महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर कार्य कर रही हैं और लखपति दीदी बन रही हैं। किसानों को भी किसान सम्मान निधि डीबीटी के माध्यम से सीधे खातों में दी जा रही है। साथ ही पीडीएस के जरिए गरीबों को अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार बिजली, पानी और सड़क



जैसी मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने युवाओं से अच्छी शिक्षा ग्रहण कर रोजगार पाने की अपील की और जो पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें खेती के साथ-साथ वैकल्पिक व्यवसाय अपनाने की सलाह दी।

मोबाइल रिपेयरिंग, मोटर मैकेनिक, वेल्डिंग, कियोस्क संचालन, कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसे छोटे व्यवसायों के माध्यम से जिले में ही रोजगार के अवसर सृजित करने को कहा।

साथ ही किसानों से खेती के साथ पशुपालन और बकरी पालन जैसे कार्य कर आय बढ़ाने की अपील की। मंत्री श्री चौहान ने शनिवार को आलीराजपुर के ग्राम मोरासा में हथनी बैराज परियोजना 02 के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति लागत 471.03 लाख रुपए है। इस परियोजना से मोरासा के 324 हेक्टर का क्षेत्र सिंचित होगा जिससे आस पास के क्षेत्र लाभान्वित होगे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि, ग्राम सरपंच, पटेल, जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं हेतु विकासखण्डवार आकस्मिक निरीक्षण दल गठित

(राजेश लोधी (गोलू) मो. 8358891367)

**अशोकनगर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 हेतु हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी /हा.से. बोर्ड परीक्षा आगामी 10 एवं 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ होगी। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिले में बोर्ड परीक्षाएं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराये जाने एवं पवित्रता एवं विश्वसनीयता बनाये रखने तथा नकल प्रवत्ति को राकने हेतु विकासखण्डवार आकस्मिक निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार विकासखण्ड अशोकनगर के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शुभ्रता त्रिपाठी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) विवेक शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र सिंह यादव, प्रभारी तहसीलदार भारतेन्दु यादव,नायब तहसीलदार कार्तिकेय मुदगल, प्राचार्य बी.के. बामौरिया, प्रभारी तहसीलदार शाढौरा आलोक श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार शंभु सिंह मीना, प्रभारी नायब तहसीलदार मुकेश कुमार दुबे निरीक्षण दल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड ईसागढ़ के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ईसागढ त्रिलोचन गौंड,नायब तहसीलदार अरूण गुर्जर, प्रभारी तहसीलदार नईसराय



मयंक तिवारी, प्रभारी तहसीलदार ईसागढ रोहित रघुवंशी, नायब तहसीलदार रितु परमार, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ईसागढ़ राजेश यादव होगें। विकासखण्ड मुंगावली के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मुंगावली इसरार अहमद खान, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मुंगावली सनम बी खान, प्रभारी तहसीलदार मुंगावली सोनम शर्मा, नायब तहसीलदार कैलाश चन्द्र मालवीय, नायब तहसीलदार अनीष धाकड, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुंगावली श्याम विहारी शर्मा होगें।

# रोशन लाल रेगर कांग्रेस कमेटी के जिला प्रवक्ता मनोनीत, क्षेत्र वासियों में हर्ष की लहर

(ओम जैन शंभूपुरा)

**शंभूपुरा।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं पूर्व मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ममता भूपेश बैरवा के निर्देशानुसार संभाग प्रभारी देवेंद्र दयाल सालवी की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह सिसोदिया द्वारा कपासन उपखंड क्षेत्र से गांधी दर्शन समिति के प्रवक्ता रोशन लाल रेगर को आई टी सेल एस सी के जिला प्रवक्ता पद मनोनीत किया गया।

संगठन के विभिन्न पदों पर लंबे समय से काम करने वाले रोशन लाल रेगर के मनोनयन से गांधी दर्शन समिति के जिला संयोजक दिलीप नैभनानी, डॉक्टर गोपाल सालवी, दिलीप कुमार जैन, शंकर लाल प्रजापत, विजय बारेगामा, महिला प्रकोष्ठ विधि संयोजक खुशबू बारेगामा, हर लाल भील, शंकर लाल खटीक जाशमा, आशीष जाटोलिया कांकरवा पूर्व सरपंच सीमा जाट, कमलेश खटीक, लेहरू लाल जटिया, पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार



जटिया, श्रवण कुमार शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

साथ ही रोशन लाल रेगर ने शीर्ष नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री उदय लाल आंजना, पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रधान भैरू लाल चौधरी, प्रदेश महासचिव गणेश लाल जाटोलिया का आभार व्यक्त किया।

# मध्यप्रदेश का बजट आगामी 18 फरवरी को प्रस्तुत किया जायेगा-उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा

(राजेश पिल्लै)

**इंदौर।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रदेश का बजट आगामी 18 फरवरी को प्रस्तुत किया जायेगा। बजट के पूर्व आम जनता के सुझाव लिये गये है। साथ ही बजट के संबंध में विषय विशेषज्ञों और अनुभवी लोगों से चर्चा की गई है। इस बार का बजट अच्छा और जन हितैषी आयेगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा आज इंदौर के नायता मुण्डला स्थित ऑल इंडिया दाल मिल एसोसियेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर ऑल इंडिया दाल मिल एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, सुमित मिश्र सहित अनिल गुप्ता, सौरव राठी, उत्तम कटारिया विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने दाल मिल एसोसियेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी की सराहना करते हुये कहा कि यह एक अच्छा और बेहतर आयोजन है। इस आयोजन से दाल मिल



मालिकों और व्यापारियों को एक नई दिशा मिलेगी। प्रदर्शनी में ताईवान,कनाड़ा, इग्लैण्ड आदि देशों की आधुनिकतम मशीनों को प्रदर्शित किया गया, जो सराहनीय है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि मध्यप्रदेश में दलहन पर लगने वाले अधिकतम जीएसटी और मंडी शुल्क संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिये केन्द्रीय जीएसटी कौंसिल के समक्ष रखा जायेगा। साथ ही इस विषय पर प्रदेश के सभी दलहन उद्योगपतियों और व्यापारियों के साथ चर्चा की जायेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने दाल मिल एसोसियेशन के पदाधिकरियों से कहा कि वे अपनी माँगों को लिखित में दें। इस मौके पर श्री देवड़ा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मशीनों के बारे में उद्योगपतियों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही एसोसियेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों से संवाद किया।

कार्यक्रम को पूर्व महापौर श्री मोघे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में दाल मिल एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय स्तर का है, जहाँ इंग्लैण्ड, चीन, कनाड़ा, ताईवान, टर्की, स्पेन आदि देशों की अत्याधुनिक और टेक्नालॉजी से लेस मशीनें प्रदर्शित की गयी है, जिनकी कीमत दो लाख रुपये से लेकर चार करोड़ रुपये तक है।

# श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस सुदामा चरित्र ने भिगोए श्रद्धालुओं के नयन

(समीम मंसूरी)

**पवई। जगत जननी मातेश्वरी मां कलेही की पावन-पवित्र धार्मिक नगरी में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के छठवें दिवस भक्ति,करुणा और निष्काम प्रेम की अविरल धारा प्रवाहित हुई।**

इस अवसर पर श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र,राजा नृग की कथा, गौदान का महत्व तथा युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ जैसे प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण एवं अलौकिक वर्णन किया गया यह धार्मिक आयोजन रिटायर्ड शिक्षक नागेंद्र श्रीवास्तव एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी श्रीवास्तव,शिक्षक तथा समस्त श्रीवास्तव परिवार के संयोजन में सात बगले निज निवास परिसर में श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हो रहा है शिवधाम पवई से पधारे ख्यातिलब्ध भागवताचार्य पं. श्री रमेश कृष्ण शास्त्री महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर सुदामा चरित्र तक का सजीव चित्रण किया,जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे कथा के दौरान पंडाल बार-बार जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा भागवताचार्य ने राजा नृग की कथा के माध्यम से दान,कर्मफल और प्रभु कृपा का गूढ़ संदेश देते हुए बताया कि दान सद्भाव और विवेक के साथ होना चाहिए सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रसंग श्रीकृष्ण और सुदामा के निष्काम मित्रत्व का जीवंत उदाहरण



है,जहां प्रभु ने निर्धन सुदामा को गले लगाकर यह सिद्ध कर दिया कि भगवान केवल भाव के भूखे होते हैं,धन के नहीं उन्होंने गौदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत में गौदान को सर्वोच्च दान माना गया है, जो मानव जीवन को पुण्य और मोक्ष की ओर ले जाता है वहीं युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ का उल्लेख करते हुए कहा कि इस यज्ञ में भगवान श्रीकृष्ण को अग्र पूजा प्रदान की गई,जो उनके सर्वश्रेष्ठ और सर्वोपरि स्वरूप को दर्शाता है भागवताचार्य पं. श्री रमेश कृष्ण शास्त्री महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन में मानसिक शांति,आत्मिक शुद्धि और सदाचार का संचार करता है।

# स्कूल में क्यों रोये बच्चे एवं उनके माता-पिता, मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम में

(रामहरि स्वाई)

**पंचेड। जैसा की सर्वविदित है कि आज पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित होकर बच्चे उसका अनुकरण करने लगे हैं। इससे हमारे देश में माता-पिता की स्थिति चिंता जनक होती जा रही है। आज अनेकों घरों में बच्चे माता-पिता के साथ विवाद एवं बुजुर्ग माता-पिता को अपमानित कर ने लगे हैं।उनके साथ मारपीट एवं उन्हें घर से बाहर भी निकालने के केस भी समाज में देखने को मिल रहे हैं।**

इसी पीड़ा को समझते हुए संत श्री आसाराम जी बापू की पावन प्रेरणा से संपूर्ण देश में मातृ पितृ पूजन के कार्यक्रम निरंतर चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज संत श्री आसाराम जी बापू आश्रम पंचेड द्वारा सरस्वती उत्कृष्ट ज्ञान मंदिर स्कूल नामली में मातृ पितृ पूजन का एक विशाल एवं भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें बच्चों ने अपने माता-पिता की बहुत ही भाव के साथ पूजा परिक्रमा कर आरती उतारी और उसके बाद अपने माता और पिता के गले मिले तो अनेक विद्यार्थी एवं उनके माता-पिता फूट फूट कर रो पड़े मानो माता-पिता को भी उनके माता-पिता की बचपन का स्नेह याद आया हो। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक संकल्प लिया के अब वो अपने-अपने माता-पिता को उठ के प्रणाम करेंगे, और उनकी आज्ञाओं का पालन करेंगे, उनका दिल कभी नहीं दुखायेंगे। इससे द्रवित होकर उनके माता-



पिता ने भी बच्चों को उनके मस्तक पर हाथ रखकर अपनी नम आंखों से बार-बार आशीर्वाद प्रदान किया। यह दृश्य बड़ा भावुक करने वाला था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं उनके माता-पिता, स्कूल डायरेक्टर श्री कोमल सिंह राजावत एवं संपूर्ण स्टाफ सम्मिलित हुआ।

इसके अलावा कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी श्री नंदकिशोर जी दड़िंग, श्री जितेंद्र जी सोनगरा श्री राकेश जी हांडा और राजेश भाई श्रीमाल आदि मीडिया बंधु भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सभी माता-पिता एवं शिक्षकों ने मुक्त कंठ से सराहा इस अवसर पर पंचेड आश्रम के श्री प्रवीण भाई ने बताया 16 फरवरी सोमवती अमावस्या का आश्रम में एक विशेष कार्यक्रम रहेगा।

तुलसी की परिक्रमा करने की विशेष व्यवस्थाआश्रम में की जाएगी और सभी आगंतुक लोगों के भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रहेगी।

अतः भक्त अधिकाधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ अवश्य प्राप्त करें।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी बैठक सम्पन्न

(संजय जैन सह संपादक)

**झाबुआ। कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान एएनसी रजिस्ट्रेशन, चौथा एएनसी चेकअप, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्थिति, टीकाकरण कार्यक्रम, टीबी मुक्त भारत अभियान, सिकल सेल स्क्रीनिंग तथा यूविन पोर्टल की प्रगति पर गहन चर्चा की गई। बैठक में गत वर्ष की तुलना में चालू वर्ष के एएनसी रजिस्ट्रेशन की समीक्षा की गई, जिसमें 5.56 प्रतिशत की कमी पाई गई। इस पर कलेक्टर ने कम प्रदर्शन करने वाले उप स्वास्थ्य केंद्रों की समीक्षा करते हुए संबंधित बीएमओ से चर्चा की और शत-प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**





चौथे एएनसी चेकअप की समीक्षा में बताया गया कि कुल 30,183 एएनसी रजिस्ट्रेशन के विरुद्ध मात्र 11,761 गर्भवती महिलाओं का चौथा एएनसी चेकअप किया गया है। इस पर कलेक्टर ने कम प्रगति वाले सेक्टर सुपरवाइजर एवं सब-हेल्थ सेंटरों की पृथक समीक्षा कर कारणों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि एएनसी चेकअप एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग में सेक्टर सुपरवाइजर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समस्त बीएमओ, डॉक्टर एवं बीपीएम को रोस्टर बनाकर नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने मेडिकल ऑफिसर्स से वन-टू-वन चर्चा कर उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने को कहा, जहां विगत वर्षों में मातृ अथवा शिशु मृत्यु की घटनाएं हुई हैं। साथ ही सीएचओ द्वारा की जा रही जांच प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन, समय पर रिपोर्टिंग, नियमित फॉलोअप एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। मॉडरेट एनीमिक गर्भवती महिलाओं की समीक्षा में पाया गया कि चिन्हांकित महिलाओं में से केवल 30.30 प्रतिशत का ही प्रबंधन किया गया है। वहीं सीवियर एनीमिक गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन में भी अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त करते हुए सुधार के निर्देश दिए।

गर्भावस्था प्रेरित उच्च रक्तचाप की समीक्षा में कम चिन्हांकन पाए जाने पर कलेक्टर ने झाबुआ, राणापुर एवं थांदला विकासखंडों में विशेष रूप से प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एएनसी रजिस्ट्रेशन, चौथा एएनसी चेकअप तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# डूंगला में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

(ओम जय शंभूपुरा)

**शंभूपुरा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की जिला इकाई मेरा युवा भारत, चित्तौड़गढ़ द्वारा वर्ष 2026 की वार्षिक कार्य योजना के अंतर्गत मदर टेरेसा मंडल, डूंगला के सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डूंगला में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लगभग 100 से 150 युवाओं एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश शर्मा ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में शारीरिक शिक्षक राम सिंह एवं धर्मेन्द्र तिवाड़ी उपस्थित रहे। तथा



कार्यक्रम का सफल समन्वयन श्वेता सामर, मंडल अध्यक्ष द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 200 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में दीपक सेन प्रथम, विजय कुमार गुर्जर द्वितीय एवं अनिल जाट तृतीय स्थान पर रहे, वहीं 100 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में कृष्णा मेघवाल ने प्रथम, रियान ने द्वितीय तथा उदयलाल मेघवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केसरियावाद में कक्षा 12वीं की विदाई समारोह हुई आयोजित

**धरियावद।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केसरियावाद में थाना अधिकारी रमेश चंद्र मीणा एवं उनके स्टाफ की ओर से विद्यालय परिसर में कृष्ण भोग का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह भी गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनिल पोरवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राम मोहन मीणा एवं पुलिस उप अधीक्षक नानालाल सालवी शामिल हुए। कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र पाल सिंह राणावत,सरपंच अर्जुन लाल मीणा,पूर्व डायरेक्टर लक्ष्मण लाल मीणा तथा नवागर के कार्यवाहक प्रधानाचार्य लालूराम मीणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का



संचालन हरेंद्र सिंह एवं श्रवण लाल द्वारा किया गया। विदाई समारोह के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपने-अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए तथा विद्यार्थियों को अनुशासन,परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्था प्रधान रमेशचंद्र मेघवाल ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने हेतु प्रेरित किया तथा अतिथियों एवं पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण,अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ,जिसमें विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही।

# तेज रफ्तार ऑटो पलटने से दो स्कूली छात्र घायल, चालक फरार

## नवजाग्रति स्कूल के सामने हुआ हादसा, प्रशासन की लापरवाही फिर सवालों में









**दमोह। शहर के नवजाग्रति स्कूल के सामने शनिवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार से जा रहा एक ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ऑटो में सवार दो स्कूली छात्र घायल हो गए, जिन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गनीमत रही** कि अन्य बच्चे सुरक्षित बच गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरूनानक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को छुट्टी के बाद ऑटो चालक घर छोड़ने के लिए ले जा रहा था। ऑटो में करीब आधा दर्जन बच्चे सवार थे। जैसे ही ऑटो नवजाग्रति स्कूल के सामने नर्सरी क्षेत्र के पास पहुंचा, तभी अचानक वह पलट गया। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और बच्चों को बाहर निकाला गया। हादसे में सजल और राशि नामक दो छात्र घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। अन्य बच्चों को मामूली चोटें आईं या वे सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शी छात्र कृष्णा ने बताया कि रास्ते में ऑटो चालक एक-एक बच्चे को ऑटो पकड़ाकर बैठा रहा था। इसी दौरान सामने अचानक एक साइकिल सवार आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में चालक ने संतुलन खो दिया और ऑटो पलट गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ऑटो चालक फरार हो चुका था। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। चालक की तलाश की जा रही है।

इस हादसे के बाद एक बार फिर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। नवजाग्रति स्कूल से लेकर पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने तक सड़क के किनारे चार्ट के ठेले और अन्य अतिक्रमण लंबे समय से मौजूद हैं। कई बार शिकायत और नोटिस के बावजूद इन्हें हटाया नहीं गया। इसके अलावा सड़क पर बने डिवाइडरों को भी लोगों ने बीच-बीच से तोड़कर अवैध रास्ते बना लिए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण हटाए जाते और यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाती, तो इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकता था। अब सवाल यह है कि प्रशासन कब तक कार्रवाई करेगा, या फिर किसी बड़ी और गंभीर दुर्घटना का इंतजार किया जाएगा।

## सांसद राहुल सिंह लोधी ने केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर जिला टीकमगढ़ में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया



**दमोह।** आज अपरान्ह केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 को लेकर सर्किट हाउस, जिला- टीकमगढ़ में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन जी द्वारा प्रस्तुत इस ऐतिहासिक एवं विकासोन्मुखी बजट पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकार साथियों को बजट की प्रमुख विशेषताओं से अवगत कराया गया तथा यह बताया गया कि किस प्रकार यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा एवं रोजगार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सशक्त बनाते हुए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करता है।

## टेमाची सहित जोबट विधानसभा क्षेत्र में 80 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**(आशीष वाणी)**

**आलीराजपुर।** जोबट विधानसभा क्षेत्र में शनिवार विकास का ऐतिहासिक दिन रहा। विधायक सेना महेश पटेल ने ग्राम पंचायत टेमाची सहित आसपास के कई ग्रामों में कुल 80.42 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को सुविधाओं की सौगात दी।

टेमाची ग्राम पंचायत में लगभग 63.92 लाख की लागत से विभिन्न कार्यों का शुभारंभ किया गया। इनमें नवीन आंगनवाड़ी भवन, विद्युत विस्तार लाइन, सीसी रोड लोकार्पण, शांति धाम सुंदरीकरण, नवीन सीसी रोड निर्माण, आरएमएस निर्माण एवं 3 फलियों में हैंडपंप लोकार्पण शामिल हैं। साथ ही विधायक निधि से पानी के टैंकर भी उपलब्ध कराए गए। टेमाची के अतिरिक्त कालुवाट, आंबी पंचायत के ग्राम एकधड़ी, किलाना, छोटाभवटा पंचायत के ग्राम एरन तथा हरदासपुर में कुल ?8.20 लाख की लागत से पानी के टैंकर वितरित किए गए, जिससे गर्मी के दिनों में पेयजल समस्या से राहत मिलेगी। इसके अलावा टोकरियाझिरन पंचायत के काटकुआ ग्राम में 8.35 लाख की लागत से विद्युत विस्तार लाइन का उद्घाटन किया गया तथा विद्युत डीपी का लोकार्पण भी किया गया, जिससे वहाँ की बिजली समस्या का स्थायी समाधान होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सेना महेश पटेल ने कहा कि उनका उद्देश्य जोबट विधानसभा के किसी भी गांव में विकास की कमी नहीं रहने देना है। उन्होंने कहा कि विकास घोषणाओं से नहीं, बल्कि ज़मीन





पर दिखाई देने वाले कार्यों से होता है और आज टेमाची ग्राम इसके साक्षी बना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जो गांव अभी विकास से वंचित रह गए हैं, वहाँ भी पानी, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएँ प्राथमिकता से पहुँचाई जाएँगी। उन्होंने कहा कि किसान समय पर खाद और पानी की समस्या से जूझ रहे हैं, युवा रोजगार को लेकर परेशान हैं और महिलाओं को सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्रवासियों से किए गए सभी वादे पूरे किए जाएंगे। पानी के टैंकर गांवों में उपलब्ध रहेंगे, जिनका उपयोग शादी-विवाह, सामाजिक कार्यक्रमों तथा आवश्यकता के समय ग्रामीण कर सकेंगे। टैंकर, पानी, बिजली और सड़क से संबंधित जो भी आवेदन प्राप्त होंगे, उन पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा। विधायक ने सरपंच प्रतिनिधि नानसिंह कनेश की सराहना करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी भवन उनके अथक प्रयासों से उत्कृष्ट बना है। जनप्रतिनिधियों के आपसी सहयोग से ही गांवों का तेजी से विकास संभव है। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे और ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौड़ द्वारा ग्राम पंचायत टेमाची अध्यक्ष जगन कनेश, छोटीफाटा पंचायत अध्यक्ष जुवान सिंह बामनिया, मोटाउमर पंचायत अध्यक्ष अमर सिंह पटेल एवं छोटा भावटा के दीपेंद्र बामनिया को पंचायत अध्यक्ष घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करते हुए पंचायतों में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाए। कार्यक्रम में अंबुआ सरपंच रमेश रावत, किलाना सरपंच भांगड़ा भाई, हरदासपुर सरपंच विजय कनेश, बड़ाभवाटा सरपंच छगन, कालुवाट सरपंच केकु भाई, टोकरियाझिरन सरपंच प्रतिनिधि सुरपाल भूरिया, उदयगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष नगर सिंह वसुनिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह, महेश किकरिया, प्रकाश, रमेश रावलकुआ, सत्री बामनिया सहित सैकड़ों ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं पंचायत पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शितलेश्वर महादेव एव शीतला माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 11 को



**(ओम जैन शंभूपुरा)**

**शंभूपुरा। चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव गिलूंड में 3 दिवसीय धार्मिक आयोजन 9 फरवरी से 11 फरवरी तक आयोजित होगा।**

पूर्व सरपंच हेमराज भोई ने जानकारी देते हुए बताया कि गिलूंड में महलों के पास शीतला माता मंदिर में शितलेश्वर महादेव एव शीतला माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत समस्त ग्राम वासियों द्वारा आयोजित 3 दिवसीय धार्मिक आयोजन में प्रथम दिन 9 फरवरी सोमवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन होगा, जिसमे बड़ी संख्या में माताए अपने सिर पर कलश धारण कर कलश यात्रा में शामिल होगी।

मंगलवार 10 फरवरी को प्रातः हवन यज्ञ एव धार्मिक कार्यक्रम होंगे। वही 11 फरवरी बुधवार को सुबह 10.15 बजे प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात पूर्णाहुति होगी जिसके बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा।

तीन दिवसीय इस भव्य आयोजन को लेकर ग्रामवासियों ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

## 76 वर्ष की आयु में रामलाल जी पटवारी के पिताजी बाबूलाल जी भाभर का हुआ निधन

**(दिपेश पड़ियार)**

**झाबुआ।** डीआरपी लाइन माधोपुरा झाबुआ में निवासरत रामलाल भाभर (पटवारी), मायाराम, दिनेश, जगदीश भाभर के पिताजी एवं महेश, सुरेश, खेमराज, सागर, रितेश, कुलदीप, संदीप भाभर के दादाजी का स्वर्गवास दिनांक 31/1/2026 शनिवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार माधोपुरा श्मशान घाट पर किया गया। जिनकी अंतिम शव यात्रा में कई समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि ने सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय बाबूलाल जी भाभर का शोक निवारण कार्यक्रम निम्न अनुसार रखा गया है जिसमें घाटा दिनांक 11/2/2026 बुधवार को व पगड़ी एवं अन्नदान प्रसादी दिनांक 12/2/2026 गुरुवार को प्रातः 10 बजे से स्थान डीआरपी लाइन माधोपुर झाबुआ में रखा गया है।



स्व.श्री बाबूलालजी भाभर

# मोदी सरकार का बजट गरीब किसान, युवाओं और महिलाओं को समर्पित-केबिनेट मंत्री निर्मला भुरिया

(आशीष वाणी)

**आलीराजपुर।** भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 01 फरवरी को जो बजट पेश किया गया है वह गरीब किसान, युवाओं और महिला वर्ग को ध्यान में रख कर बनाया गया है। बजट में किसी भी नये करो की बढ़ोतरी नही की गई है कुल मिलाकर वित्त मंत्री निर्मला सितारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2047 के प्रधानमंत्री मोदी के विजन विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला है, उक्त बात महिला एवं बालविकास मंत्री निर्मला भुरिया ने भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान केबिनेट मंत्री नागरसिंह चैहान, सांसद अनिता चौहान भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष मकु परवाल प्रदेश कार्य समिति सदस्य किशोर शाह और भाजपा जिला उपाध्यक्ष हितेन्द्र शर्मा उपस्थित थे।

क्या है बजट में- प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भुरिया ने कहा की इस वर्ष का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार का केन्द्रीय बजट जनकल्याण की प्रधानता को लेकर प्रस्तुत किया गया है, जिसमें सुधारो को प्रमुखता दी गई है। उन्होने कहा की केन्द्रीय बजट में भारत के हर नागरिक की आकांक्षाओ को ध्यान में रख कर वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण ने 9 वी बार बजट प्रस्तुत किया है। जिसमें गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग सहित दिव्यागो एवं उद्योगो के सशक्तीकरण को लेकर दिशा दिखलाता है। मंत्री निर्मला भुरिया ने कहा की यह बजट विकसित भारत के संकल्प को ठोस आधार देते हुए वर्ष 2047 में विश्व की सबसे बडी अर्थ व्यवस्था के लिए रोड मेप




प्रस्तुत करता है।

**इस बजट में यह है प्रमुख बाते- प्रेस वार्ता के दौरान केबिनेट मंत्री निर्मला भुरिया ने इन बिन्दूओ पर की बात-**

● प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा प्रस्तुत इस बजट में आर्थीक सुधारो पर ध्यान देते हुए सरल बनाने सहित 350 से ज्यादा सुधार लागु किए है। ● यह बजट गरीबो, जरूरतमंदो की मदद करने वाला बजट है। इस बजट से लोगो की उम्मीद पुरी होगी, बजट में हर परिवार, समुदाय, ईलाके, की सही भागीदारी करने के लिए संसाधन एवं सुविधाओ के साथ मौका मिलेगा। ● उत्पादन को बढावा देना हमारी सरकार का लक्ष्य है, बजट में बायोफार्मा क्षैत्र के लिए 5 साल में 10 हजार करोड रूपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही 3 केमिकल पार्क बनाने के लिए राज्यो को सपोर्ट करने के लिए योजना शुरू कि जाएगी। ● सरकार द्वारा सेमी कंडक्टर मिशन 2.0 लांच किया है। ● इलेक्ट्रानिक्स क्षैत्र के उत्पादन के लिए खर्च में बढोतरी कर योजना को 40 हजार करोड तक बडाया ● माईको एंटरप्राईजेस को सपोर्ट करने के लिए 10 हजार करोड रूपये कौ डम् ग्रोथ फंड कि शुरूआत करने के साथ रिलायंट इंडिया फंड में 2000 करोड ओर जोडे गए। ● पब्लिक कैपेक्स को बडा कर 12.2 लाख करोड किया, जो अब तक का सबसे बडा प्रस्ताव होगा। ● अगले 5 सालो में 20 नए नेशनल वाटरवेज बनेगे। ● स्वास्थ क्षैत्र में अगले 5 सालो में 1 लाख नए विशेषज्ञ जोडे जाऐगे। ● पीपीपी मोड पर 5 रिजनल मेडिकल हब बनाने में राज्यो को सपोर्ट करेगे। ● 3 नए ।प्प्डै आयुवेर्दिक संस्था स्थापित होगे। ● पशुपालन को बडावा देने के लिए इस विधा के 20 हजार से ज्यादा विशेषज्ञो को लाने के साथ कई अन्य प्रयास करेगी।

● हर जिले में 1 महिला छात्रावास बनाए जाऐगे। ● किसानो की आय में वृद्ध के लिए कई सकारात्मक प्रयास के प्रावधान किए है। जिसमें मछली पालन के लिए 500 जलाशय एवं अमृत सरोवर बनाने सहित तटीय इलोको में स्थानिय उत्पादो जैसे नारियल, चंदन, काजु आदी फसलो के साथ अधिक आय वाली खेती को बडावा दिया जाएगा। ● दिव्यांगजनो के लिए विशेष पहल करते हुए दिव्यांग कौशल योजना, दिव्यांग सहारा योजना के माध्यम से रोजगार के मौके देने के साथ विशेष एवं बेहतर सहायक उपकरण प्रदान किये जाएगे।

# राकेश साहू भारतीय पत्रकार संघ एआईजे मप्र इकाई के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त




Reg.No. 711-HR-2014
ASSOCIATION OF INDIAN JOURNALIST
भारतीय पत्रकार संघ (AIJ)

(धवन माहेश्वरी)

**उज्जैन।** भारतीय पत्रकार संघ एआईजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विक्रम सेन की अनुशंसा पर भारतीय पत्रकार संघ एआईजे के राष्ट्रीय महासचिव पंडित मनोहर मंडलोई ने राकेश साहू धार को भारतीय पत्रकार संघ एआईजे मप्र इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर अनेक शुभ चिंतकों, पत्रकार साथी, स्वजातीय बंधुओं, मातृशक्ति ने शुभ कामनाएं दी हैं।

भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) की मध्यप्रदेश इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मैं राकेश साहू अत्यंत कृतज्ञता एवं विनम्रता के साथ अपना भाव प्रकट करता हूँ।

इस महत्वपूर्ण दायित्व हेतु मैं हृदय से राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री विक्रम सेन जी एवं राष्ट्रीय महासचिव आदरणीय मनोहर मंडलोई जी का सादर आभार, वंदन एवं अभिनन्दन करता हूँ, जिन्होंने मुझ पर विश्वास व्यक्त करते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी हैं। मैं यह गर्वपूर्वक साझा करना चाहता हूँ कि एआईजे के स्थापना काल से मुझे इस संगठन से जुड़कर विभिन्न दायित्वों एवं पदों पर कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इन वर्षों में एआईजे ने मुझे पत्रकारिता के मूल्यों, संगठनात्मक अनुशासन, संघर्ष, सहयोग और सेवा समर्पण का वास्तविक अर्थ सिखाया है।

एआईजे केवल एक संगठन नहीं, बल्कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्रता का सशक्त मंच है।

यह संगठन निडर पत्रकारिता, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, शोषण व दमन के विरुद्ध संघर्ष, तथा ग्रामीण-आदिवासी अंचलों तक पत्रकारों की आवाज पहुँचाने के लिए सतत समर्पित है। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मेरा संकल्प है कि मैं संगठन की गरिमा को और सशक्त करूँ, सभी साथियों को साथ लेकर चलूँ, और पत्रकार हित, एकता एवं कल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूँ। उक्त जानकारी राकेश साहू ने लिखित प्रेस विज्ञप्ति में दी।

# जूना बोरिया ग्राम पंचायत में नवनिर्मित पंचायत भवन एवं टीनशेड का लोकार्पण, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

(जुबेर अहमद)

**धरियावद।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जूना बोरिया में शुक्रवार को विकास कार्यों की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में नवनिर्मित पंचायत भवन एवं विधायक मद से निर्मित टीनशेड का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य क्षेत्रीय विधायक थावरचन्द डामोर रहे,जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयपुर सांसद प्रत्याशी प्रकाश बूज ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में राजस्थान युवाशक्ति एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मीणा उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में विधायक के ग्राम पंचायत में प्रथम आगमन पर सरपंच कविता मीणा,सरपंच प्रतिनिधि मदन राणा, गोठड़ा सरपंच सूरजमल मीणा एवं पंचायत समिति सदस्य शांति देवी, पूर्व सरपंच संजय मीणा ने सहित समस्त ग्रामवासियों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुराजी खेड़ा में विधायक मद से निर्मित टीनशेड का उद्घाटन किया गया। विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को विधायक थावर चन्द डामोर ने संबोधित किया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत जूना बोरिया में नवनिर्मित पंचायत भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्षता कर रहे प्रकाश चन्द बूज ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे का विकास ही सशक्त ग्राम व्यवस्था की नींव है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील मईड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष शंकर बरगोट, मंडल अध्यक्ष नितेश भगोरा, मंडल अध्यक्ष राजमल माल, SC मोर्चा ब्लॉक प्रभारी मोहन मेघवाल, हजारीगुड़ा सरपंच प्रतिनिधि मुकेश निनामा जवाहर नगर सरपंच प्रतिनिधि अश्विन परमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि,कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने विधायक एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों की अपेक्षा जताई।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को दमोह पुलिस की दो टूक चेतावनी

**दमोह। दमोह जिले में सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने, चक्काजाम के लिए लोगों को उकसाने, भड़काऊ और उन्मादी पोस्ट डालने तथा प्रशासन के विरुद्ध झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाकर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर दमोह पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है।**

पुलिस प्रशासन ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि ऐसे किसी भी कृत्य को सीधी चुनौती माना जाएगा और दोषियों के खिलाफ बिना किसी दबाव या लिहाज के कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के अनुसार कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह कर रहे हैं और शहर में तनाव का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस प्रकार की गतिविधियां न केवल गैरकानूनी हैं, बल्कि जिले की शांति और सामाजिक सौहार्द के लिए गंभीर खतरा हैं।

दमोह पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अफवाह फैलाने, समुदायों के बीच वैमनस्य उत्पन्न करने, भीड़ भड़काने, चक्काजाम कराने या लोक सेवकों के



विरुद्ध झूठी जानकारी प्रसारित करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 196, धारा 353 एवं आईटी एक्ट की प्रासंगिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की जाएगी। ऐसे मामलों में किसी प्रकार की चेतावनी या समझाइश नहीं दी जाएगी।

पुलिस की साइबर सेल और खुफिया इकाइयां 24/7 सक्रिय हैं और सोशल मीडिया पर डाली जा रही हर पोस्ट, वीडियो, मैसेज और लाइव गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। अफवाह फैलाने वालों की डिजिटल पहचान चिन्हित की जा चुकी है और आने वाले दिनों में इनके खिलाफ कार्रवाई और तेज की जाएगी।

दमोह पुलिस ने आम नागरिकों को भी सख्त संदेश देते हुए कहा है कि कोई भी व्यक्ति अफवाह फैलाने वालों का सहयोगी न बने। बिना सत्यापन के कोई भी पोस्ट शेयर करना भी अपराध की श्रेणी में आएगा।

यदि किसी को भी भड़काऊ सामग्री, चक्काजाम की अपील या प्रशासन विरोधी झूठे आरोप नजर आएं, तो तुरंत 112 या दमोह पुलिस हेल्पलाइन पर सूचना दें।

पुलिस प्रशासन ने दो टूक कहा है कि जिले की कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

दमोह पुलिस शांति, सुरक्षा और कानून का राज बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनता से अपेक्षा है कि वे संयम बरतें, अफवाहों से दूर रहें और प्रशासन के साथ सहयोग करें क्योंकि कानून से ऊपर कोई नहीं है।

प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट,10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादक:शानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।